<u>फर्द अहकाम</u>

<u>(नियम 15)</u>

अज अदालत जिला कलक्टर मुकाम धौलपुर

पी0एन0बी0 बैंक शाखा बनाम मैसर्स जयदेव शीतगृह बगैरा
शाखा सैपऊ।

किस्म मुकदमा:—अन्तर्गत धारा 14 सराफेशी एक्ट 2002 मु0 नम्बर 06 सन् 2019
RCMS No. 2019/00014

| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही इनिशियल जज | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| 22.2.19 | यह प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 14 सिक्योरिटाईजेशन एण्ड रीकनस्ट्रकशन ऑफ फाइनेन्सियल एसेट्स एण्ड एनफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इन्टरस्ट एक्ट, 2002 के तहत प्रार्थी सुरेन्द्र सिंह प्राधिकृत अधिकारी, पी0 एन0 बी0 बैंक शाखा सैपऊ ने अप्रार्थी/ऋणी 1. मैसर्स जयदेव शीत गृह पता बसई नबाब रोड़ पीपहेरा तहसील सैपऊ जिला धौलपुर, ऋणी/बंधक कर्त्ता 2. श्री अतरसिंह पुत्र बेतलसिंह साझेदार/जमानती पता कुसैड़ा खुर्द जसपुरा तहसील मनियां धौलपुर, 3. श्री ज्योति प्रसाद पुत्र श्री बेतलसिंह साझेदार/जमानती पता कुसैड़ा खुर्द जसपुरा तहसील मनियां धौलपुर, 4. श्री अशोक कुमार पुत्र श्री बेतलसिंह साझेदार/जमानती पता कुसैड़ा खुर्द जसपुरा तहसील मनियां धौलपुर, 5. श्री विशालसिंह त्यागी पुत्र श्री रामगोपाल त्यागी साझेदार बसई नबाब रोड़ पीपहेरा तहसील सैपऊ जिला धौलपुर, 6. श्री योगेश त्यागी पुत्र श्री ज्योति प्रसाद त्यागी साझेदार बसई नबाब रोड़ पीपहेरा तहसील सैपऊ जिला धौलपुर, 7. श्री भगवान पुत्र श्री लक्ष्मीधर जमानती प्लॉट नं0 115, सुरक्षा विहार कॉलोनी, ग्राम जिरोली धौलपुर, 8. श्रीमती भगवती देवी पत्नी श्री द्वारिका प्रसाद गूर्जर जमानती प्लॉट नं0 18 मोहन कोलोनी के0यू0एम0एस0 के पीछे धौलपुर, के विरूद्ध इस आशय का प्रस्तुत किया कि बैंक ने ऋणी/अप्रार्थी को दिनांक 27.12.16 को 4,20,00,000/—रूपये का ऋण स्वीकृत किया था, इस हेतु ऋणी ने आवश्यक दस्तावेज निष्पादित किये थे। ऋण राशि निम्न परिसम्पत्ति, प्रतिभूति करार के अन्तर्गत प्रतिभूति आस्ति से रक्षित है:— 1. मैसर्स जयदेव शीतगृह की सम्पति जो खसरा नंम्बर 1588 व 1589, पीपहेरा बसई नबाब सड़क सैपऊ जिला धौलपुर राजस्थान पर स्थित हैं। जिसमें फैक्ट्ररी भूमि, भवन व ढांचा आदि जो सभी सम्पत्ति के अभिन्न अंग है। जिसकी माप लगभग 4255.67 वर्ग मीटर है। चतु सीमाएं इस प्रकार है, उत्तर में खसरा नम्बर 1589 का भाग, दक्षिण में खसरा नम्बर 1588, 1589 का भाग, पूर्व में सड़क सैपऊ से बसई नबाब तक, व पश्चिम में अन्य भूमि। 2. मैसर्स जयदेव शीतगृह की दृष्टिबंधक प्लान्ट व मशीनरी तथा फसल उत्पादक का स्टॉक इत्यादि जो खसरा नं0 1588 व 1589 पीपहेरा बसई नबाब सड़क | |

नेहा गिरि
कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट
धौलपुर (राज0)

सैपऊ जिला धौलपुर राजस्थान में स्थित है। 3. श्रीमती भगवती देवी पत्नी द्वारिका प्रसाद की आवासीय सम्पत्ति जो प्लॉट नं0 18 खसरा नंम्बर 584 मोहन कोलोनी के.यू.एम.एस. के पीछे धौलपुर में स्थित है। जिसमें भूमि, भवन, ढांचा आदि जो सभी सम्पत्ति के अभिन्न अंग है। जिसकी माप लगभग 111.48 वर्ग मीटर है जिसकी चारो सीमाए इस प्रकार है। उत्तर में अन्य भूमि है, दक्षिण में प्लॉट नं0 19 पूर्व में प्लॉट नं0 17, पश्चिम में 20 फीट सड़क है। 4. श्री श्रीभगवान पुत्र श्री लक्ष्मीधर की आवासी सम्पत्ति जो प्लॉट नं0 115 जिरोली धौलपुर राजस्थान पर स्थित है। जिसमें भूमि जिसमें भूमि, भवन, ढांचा आदि जो सभी सम्पत्ति के अभिन्न अंग है। जिसकी माप लगभग 97.54 वर्ग मीटर है जिसकी चारो सीमाए इस प्रकार है। उत्तर में सड़क है, दक्षिण में प्लॉट नं0 119, पूर्व में सोसायटी पीलर, पश्चिम में प्लॉट नं0 114 है। ऋण अदायगी हेतु गारन्टी के रूप में ऋणी/जमानतदार ने आवश्यक दस्तावेजों को निष्पादन करके सम्पत्ति पर प्रतिभूति हित से सम्यबंधक किया है, तथा प्रदत्त ऋण पर ब्याज और ऋण के भुगतान में चूक होने पर अतिरिक्त ब्याज करार की शर्तों के अनुसार देय है। ऋण और ब्याज को समय पर चुकाने में असफल होने पर ऋणी के खाते को बैंक द्वारा दिनांक 30.09.2018 को नियमानुसार अनर्जक परिसंपत्ति(एन0पी0ए0) के रूप में वर्गीकृत कर दिया गया। तथा दिनांक 30.10.2018 को अधिनियम की धारा 13(2) के अन्तर्गत मांग नोटिस भेजकर 60 दिन में ऋण राशि 4,11,33,048.68/- रूपये मात्र दिनांक 30. 09.2018 तक एंव इस दिनांक के बाद की ब्याज व खर्चे अतिरिक्त भुगतान करने की मांग की। ऋणी 60 दिन में उक्त राशि अदा करने में असफल रहें। अतः प्रार्थी बैंक द्वारा अपने पास बतौर बंधक रखी सम्पत्ति का भौतिक कब्जा प्राप्त करने हेतु The securitization and reconstruction of financial assets and enforcement of the security interest act. 2002 की धारा 14 के तहत निवेदन किया है ।

हमने प्रार्थी बैंक द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र का अवलोकन किया। पत्रावली दर्ज रजिस्टर हो। अप्रार्थी/ऋणी द्वारा प्रार्थी बैंक को ऋण का भुगतान करने में असफल रहने व समय पर ऋण राशि मय ब्याज अदा नहीं करने पर उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अन्तर्गत अप्रार्थी ऋणी को नोटिस जारी किये जाने के उपरांत भी ऋण राशि का शर्तो के मुताबिक भुगतान नहीं करने पर The securitization and reconstruction of financial assets and enforcement of the security interest act. 2002 की धारा 14 में प्रदत्त शक्तियों के तहत प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर प्रार्थी बैंक के प्रार्थना पत्र अनुसार बंधक रखी सम्पत्ति 1. मैसर्स जयदेव शीतगृह की सम्पति जो खसरा नंम्बर 1588 व 1589, पीपहेरा बसई नबाब सड़क सैपऊ जिला धौलपुर राजस्थान पर स्थित हैं। जिसमें फैक्ट्ररी भूमि, भवन व ढांचा आदि जो सभी सम्पत्ति के अभिन्न अंग है। जिसकी माप

नेहा गिरि
कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट
धौलपुर (राज0)

लगभग 4255.67 वर्ग मीटर है। चतु सीमाएं इस प्रकार है, उत्तर में खसरा नम्बर 1589 का भाग, दक्षिण में खसरा नम्बर 1588, 1589 का भाग, पूर्व में सड़क सैपऊ से बसई नबाब तक, व पश्चिम में अन्य भूमि। 2. मैसर्स जयदेव शीतगृह की दृष्टिबंधक प्लान्ट व मशीनरी तथा फसल उत्पादक का स्टॉक इत्यादि जो खसरा नं0 1588 व 1589 पीपहेरा बसई नबाब सड़क सैपऊ जिला धौलपुर राजस्थान में स्थित है। 3. श्रीमती भगवती देवी पत्नी द्वारिका प्रसाद की आवासीय सम्पत्ति जो प्लॉट नं0 18 खसरा नंम्बर 584 मोहन कोलोनी के.यू.एम.एस. के पीछे धौलपुर में स्थित है। जिसमें भूमि, भवन, ढांचा आदि जो सभी सम्पत्ति के अभिन्न अंग है। जिसकी माप लगभग 111.48 वर्ग मीटर है जिसकी चारो सीमाए इस प्रकार है। उत्तर में अन्य भूमि है, दक्षिण में प्लॉट नं0 19 पूर्व में प्लॉट नं0 17, पश्चिम में 20 फीट सड़क है। 4. श्री श्रीभगवान पुत्र श्री लक्ष्मीधर की आवासी सम्पत्ति जो प्लॉट नं0 115 जिरोली धौलपुर राजस्थान पर स्थित है। जिसमें भूमि जिसमें भूमि, भवन, ढांचा आदि जो सभी सम्पत्ति के अभिन्न अंग है। जिसकी माप लगभग 97.54 वर्ग मीटर है जिसकी चारो सीमाए इस प्रकार है। उत्तर में सड़क है, दक्षिण में प्लॉट नं0 119, पूर्व में सोसायटी पीलर, पश्चिम में प्लॉट नं0 114 है का भौतिक रूप से कब्जा प्रार्थी बैंक को जरिये पुलिस से प्राप्त किये जाने के आदेश दिये जाते हैं। पुलिस अधीक्षक धौलपुर को परवाना जारी किया जावे। पत्रावली फैसल शुमार हो, बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो । प्रकरण नम्बर से कम किया जावे ।

149-152
22.2.19

आदेश आज दिनांक 22.02.2019 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(नेहा गिरी)
जिला मजिस्ट्रेट धौलपुर

नेहा गिरि
कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट
धौलपुर (राज0)